तापमान
अधिकतम 29.1 डिग्री
न्यूनतम 7.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 24 नवंबर, 2025

11 चैंपियन दीक्षा को विधायक ने किया सम्मानित



12 कुरुक्षेत्र में कार्यक्रम सोनीपत में दो दिनों का बसों का संकट



## खबर संक्षेप



### चैम्पियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

**खरखौदा।** दिल्ली राज्य वुशु चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल के हर्ष मलिक ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। रक्षित ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। आरव शौकीन ने 56 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर स्कूल का गौरव बढ़ाया। स्कूल पहुंचने पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया, प्रिंसिपल दया दहिया, अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया तथा वुशु कोच विनोद गुलिया द्वारा स्वागत किया गया। स्कूल के अध्यक्ष वेद प्रकाश दहिया व संस्थापक सत प्रकाश दहिया ने भी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

### हरियाणा गोसेवा आयोग के अध्यक्ष आज सोनीपत में

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि हरियाणा गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण कुमार गर्ग 24 नवंबर को सुबह 10 बजे रेलवे रोड़ स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जिला पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद अध्यक्ष 11:30 बजे महलाना रोड स्थित जिला पशुपालन विभाग कार्यालय में अधिकारियों व जिला की सभी गौशालाओं व नंदीशाला प्रबंधकों के साथ संयुक्त बैठक करेंगे।

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आज

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 24 नवंबर को दोपहर 12 बजे पंचायत भवन स्थित जिला परिषद हॉल में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री तथा जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष गौरव गौतम करेंगे।

### 50 मरीजों की आंखों का ऑपरेशन करवाएंगे



**सोनीपत।** ग्रूप ऑफ सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसीऐशन सोनीपत की ओर से आज आंखों की जांच और ऑपरेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल दीवान, कमल हसीजा, लायंस क्लब के पूर्व जिला गवर्नर अनिल सेठ और अशोक मेहता अध्यक्ष राष्ट्रीय पंजाबी महासभा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। आंखों की जांच के लिए लगभग 200 मरीज पहुंचे, जिनमें से 50 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।

### अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस 7 को मनाया जाएगा

**सोनीपत।** हरियाणा अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक परिषद ने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाने का फैसला किया है। यह कार्यक्रम 7 दिसंबर को सोनीपत के महर्षि दयानंद सरस्वती स्मारक संस्थान स्पेशल सर्कल, नेताजी सुभाष पार्क में आयोजित किया जाएगा। रविवार को अम्बेडकर पार्क में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता परिषद के जिला कार्यकारी अध्यक्ष बलबीर सिंह चौहान ने की।

---

### पिछले महीने हुई थी पिता-पुत्र की हत्या, पुलिस ने दिखाई सक्रियता

**और भी वारदात करने की फिराक में थे युवक**

# गोपालपुर का नितिन भी निशाने पर था, एनकाउंटर में एक बदमाश ढेर

- मुठभेड़ में मारे गए शुभम का आपराधिक सफर
- 2019 से अब तक पांच केस
- 2019 : गाजियाबाद में डकैती
- 2021: खरखौदा में हत्या का केस
- 2023 : हत्या की कोशिश
- सोनीपत, यमुनानगर और गाजियाबाद में भी कई मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एक साल के भीतर खरखौदा क्षेत्र कई बार मुठभेड़ों का केंद्र बन चुका है। बंबीहा गैंग से जुड़े गैंगस्टर दीपक मान की हत्या के आरोपितों से हुई मुठभेड़ के बाद से यह इलाका बार-बार सुर्खियों में आया है। बैंक लूट, हत्या, रंगदारी और दिल्ली में वारदात कर भागे कई शूटर भी इसी क्षेत्र में घेराबंदी के बाद पकड़े या ढेर किए गए हैं। रविवार की मुठभेड़ ने एक बार फिर इस क्षेत्र की असामान्य सक्रियता को सामने ला दिया है।

गोपालपुर निवासी मोहित और उनके पिता धर्मबीर की गत 24 अक्टूबर को हुई दोहरी हत्या के मामले में पुलिस की कार्रवाई तेजी पकड़ चुकी है। रविवार दोपहर आईएमटी मार्ग पर केएमपी एक्सप्रेस-वे के पास हुई मुठभेड़ में मुख्य आरोपितों में से एक शुभम मारा गया, जबकि उसका साथी मनीष अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। लगातार बढ़ रही गैंगवार की वारदातों के बीच इस मुठभेड़ ने दोबारा इलाके में तनाव बढ़ा दिया है।

#### 2020 में शुरू हुआ खूनी खेल, दो दोस्तों में हो गई दुश्मनी

गोपालपुर निवासी मोहित और खरखौदा के वार्ड-6 निवासी नितिन सैनी की छह साल पहले गहरी दोस्ती थी। इसी बीच मामूली कहासुनी के बाद मोहित व नितिन में रंजिश हो गई। नितिन 12वीं कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद अपने ननिहाल झज्जर के आसौदा में जाकर रहने लगा था। इसी बीच 17 नवंबर, 2020 को नीतिन सैनी लापता हो गया था। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि उसके दो दोस्त गोपालपुर निवासी मोहित व नितिन कुमार बाइक पर उनके घर आए थे और उनके बेटे नितिन सैनी को अपने साथ ले गए थे। परिवार ने नितिन सैनी के दोस्तों से पूछा तो उसका सुराग नहीं लगा था। तब पुलिस में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया था। तत्कालीन थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह की टीम ने गोपालपुर निवासी मोहित व नितिन को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी तो उन्होंने हत्या से पर्दा उठाया था। उन्होंने बताया था कि करीब छह माह पहले उनकी नितिन सैनी के साथ मामूली बात पर कहासुनी हो गई थी, उसका बदला लेने के लिए ही उन्होंने उसे घर से बुलाया और फिर केएमपी के रास्ते आईएमटी की जमीन पर उगी झाड़ियों के बीच जाकर उसका गला दबाने के साथ ही बर्फ तोड़ने के सुए से हमला कर हत्या कर दी थी।



मुठभेड़ में मारा गया बदमाश

#### रंजिश और बदले की आग

मामले की शुरुआत पिछले साल उस समय हुई जब नितिन सैनी की हत्या का बदला लेने के लिए राहुल ने अपने साथियों अंकुश और सन्नी के साथ मिलकर मोहित पर हमला किया था, लेकिन वह बच गए थे। इसके लगभग एक साल बाद 24 अक्तूबर को खरखौदा थाना कला बाइपास चौक पर तीन हमलावरों ने स्कॉर्पियो से टक्कर मारकर मोहित और उनके पिता धर्मबीर को गोलियां मारकर मौत के घाट उतार दिया था। इस वारदात में पुलिस अब तक देवराज, राहुल, रोहित और कर्ण को गिरफ्तार कर चुकी है। पांचवां आरोपित शुभम मुठभेड़ में मारा गया, जबकि छठा आरोपित मनीष अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

#### जमानत पर आए मोहित पर 2024 में हुआ था जानलेवा हमला

नितिन की हत्या के आरोप में मोहित जेल चला गया था। बाद में जमानत मिलने के बाद 29 अक्तूबर, 2024 को मोहित पर जानलेवा हमला हुआ। जिसमें उसे गोली मारी गई थी। पुलिस ने उस मामले में खरखौदा के राहुल व सन्नी व गढ़ी सिसाना के अंकुश को गिरफ्तार किया था। हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ और मोहित को लगा कि अब मामला शांत है। इसके बावजूद 24 अक्टूबर को मोहित और उसके पिता धर्मबीर की हत्या कर दी गई थी।

#### नितिन को दी सुरक्षा

पुलिस आयुक्त ममता सिंह के अनुसार, इनपुट मिला था कि धर्मबीर और मोहित की हत्या के बाद अब गोपालपुर निवासी नितिन भी आरोपितों के निशाने पर है। इसी वजह से पुलिस ने नितिन को पहले ही सुरक्षा मुहैया करा दी थी। नितिन के संबंध में मिली इसी जानकारी ने टीमों की सक्रियता बढ़ा दी और रविवार को विशेष टीम आरोपितों तक पहुंचने में सफल हुई। मौके पर रोकने की कोशिश की तो बाइक सवार आरोपितों ने बिना देर किए फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में शुभम घायल हुआ और बाद में उसकी मौत हो गई।

---

### दमघोंटू प्रदूषण का डबल अटैक : एक्यूआई 343, कोहरे से बिगड़ेंगे हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत में वायु प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक स्थिति में बना हुआ है। पिछले दो सप्ताह से हवा 'बेहद खराब' श्रेणी में बनी हुई है, रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) अचानक बढ़कर 343 दर्ज किया गया। हवा की दिशा में हुए बदलाव और वातावरण में नमी बढ़ने के कारण अब सुबह के समय घने कोहरे का संकट मंडरा रहा है, जिससे दमघोंटू हवा और भी अधिक हानिकारक हो जाएगी। जिले में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट भी लगातार जारी है। इस प्रदूषण को बढ़ाने में सबसे बड़ा कारण कूड़े के ढेर में आग लगाने का सिलसिला है, जो थमने का नाम नहीं ले रहा है।

#### खुले में पड़ी निर्माण सामग्री

खुले में पड़ी निर्माण सामग्री और हवा की धीमी गति भी प्रदूषण को बढ़ा रही है। रविवार को भी राई क्षेत्र में कूड़ा जलता दिखाई दिया, जिससे स्थानीय निवासियों की परेशानी बढ़ गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, रविवार को उत्तरी हवा की जगह पूर्वी हवा ने दस्तक दी। हवा की दिशा बदलने से वातावरण में नमी तेजी से बढ़ी है, जिसके चलते आगामी दिनों में सुबह के समय कोहरा छाने और दृश्यता सिमटने के आसार हैं। हालांकि दिन में हल्की धूप खिलने की संभावना बनी रहेगी।

#### राहत नहीं मिल रही

पिछले दिनों तक सोनीपत का एक्यूआई 300 से 310 के बीच स्थिर था, लेकिन 343 तक की यह बढ़ोतरी चिंताजनक है। नवंबर माह में बारिश न होने से प्रदूषण के कण नीचे बैठने की बजाय लगातार हवा में बने हुए हैं।

---

**कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार का मामला**

## डीसी ने गांव निजामपुर की सरपंच को निलंबित किया

- बीडीपीओ को ग्राम पंचायत की समस्त चल-अचल संपत्ति का चार्ज लेकर बहुमत वाले पंच को सौंपने के आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

उपायुक्त सुशील सारवान ने गांव निजामपुर की सरपंच राधिका को निलंबित कर दिया। इसके साथ में बीडीपीओ को ग्राम पंचायत की समस्त चल-अचल संपत्ति का चार्ज लेकर बहुमत वाले पंच को सौंपने के आदेश दिए। उपायुक्त ने सरपंच पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की समय पर जांच करने और उच्च न्यायालय के आदेशों की पालन न करने पर बीडीपीओ कथूरा को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी कथूरा के विरुद्ध भी विकास एवं पंचायत विभाग के महानिदेशक को कार्रवाई की सिफारिश की। इसके साथ में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को ग्राम सचिव तुरंत प्रभाव से निलंबित और विभागीय कार्रवाई करने की अनुशंसा की। गांव निजामपुर के अनिल कुमार ने पंचायत द्वारा कराए गए कई कार्यों में अनियमितता बरतने और भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाते हुए अधिकारियों को शिकायतें दी। उनके द्वारा विभिन्न स्तर पर अधिकारियों को शिकायत की। अधिकारियों ने भी स्थानीय स्तर के अधिकारियों को पूर्ण जांच रिपोर्ट देने को कहा गया।

#### हाईकोर्ट की शरण ली थी

समय पर उचित कार्रवाई व जांच न होने पर उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की शरण ली। इस पर उपायुक्त सुशील सारवान ने जांच को आगे बढ़ाया। दस्तावेजों का अवलोकन करने पर प्रथम दृष्टयता सरपंच और अधिकारियों पर आरोप सिद्ध हुए। इस पर उपायुक्त ने कार्रवाई की और अतिरिक्त उपायुक्त को जांच अधिकारी नियुक्त किया। उपायुक्त ने आदेश दिए कि सरपंच राधिका को जांच पूरी होने तक निलंबित किया जाता है।

## युवती से फोन छीना, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में पानीपत चुंगी के निकट वाहन का इंतजार कर रही एक युवती से एक युवक ने मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर केस दर्ज करके आरोपित दरियापुर बस्ती के जयदेव उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गांव खानपुर कलां की युवती ने पुलिस को बताया कि वह अपने गांव के मेडिकल कालेज में कोर्स करती है। शनिवार को वह अपनी मां के साथ गोहाना सामान लेने आई थी। दोनों पानीपत चुंगी के निकट वाहन का इंतजार कर रहे थे। शाम साढ़े पांच बजे एक युवक आया और उसके हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गया। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोगों मौके पर पहुंच। मोबाइल छीने वाले युवक का नाम दरियापुर बस्ती का जयदेव बताया।

---

## जींद-गोहाना ग्रीनफील्ड हाईवे पर हादसे में मां-बेटे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

- तेज रफ्तार कैंटर ने मां-बेटे को मारी टक्कर

रविवार सुबह जींद-गोहाना ग्रीनफील्ड हाईवे स्थित गांव गंगाना के निकट तेज रफ्तार कैंटर ने मां-बेटे को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौत हो गई। कुछ दूरी पर कैंटर खड़ा करके चालक भाग गया। भाई की शिकायत पर बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। जींद में गांव बुढा खेड़ा के पंकज ने बताया कि उसने गांव में सीएससी सेंटर कर रखा है। रविवार तडक़े लगभग तीन बजे वह, उसकी मां कमलेश, पत्नी आरती, उसकी बहन नीतू, नीतू का बेटा परमजीत, दूसरी बहन प्रियंका स्विफ्ट कार में उत्तरप्रदेश के मैनपुरी में शादी समारोह में जाने के लिए घर से निकले थे। जब वे जींद-गोहाना ग्रीनफील्ड हाईवे पर गांव गंगाना के निकट पहुंचे तो परमजीत को उल्टी लगने लगी। इस पर उसने हाईवे पर कार को किनारे पर खड़ा किया। उसकी बहन नीतू बेटे परमजीत को लेकर कार से उतरी। उल्टी करने के बाद दोनों कार में बैठने लगे। इसी दौरान पीछे से चालक तेज रफ्तार व लापरवाही से कैंटर चलाता हुआ आया और नीतू व परमजीत को सीधी टक्कर मार दी।

#### कैंटर छोड़ भागा चालक

चालक कुछ देरी पर कैंटर खड़ा करके भाग गया। नीतू व परमजीत को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। बरोदा थाना की पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### वकील नवीन भौरिया ने दिया ईमानदारी परिचय

**खरखौदा।** तहसील कार्यालय खरखौदा के गेट के पास वकील नवीन भौरिया और उनके साथियों को हजारों रुपये की नकदी पड़ी हुई मिली। वकीलों ने बिना देर किए पूरी राशि इकट्ठी की और इसकी सूचना तुरंत तहसील विभाग को भी दे दी। वकीलों का कहना है कि यह राशि उस व्यक्ति को लौटाई जाएगी, जो रकम का सही आंकड़ा और अन्य पहचान संबंधी जानकारी बताकर इसे अपना साबित करेगा। प्राप्त राशि को तहसील कार्यालय में जमा करा दिया गया है। तहसील प्रशासन ने अपील की है कि जिस भी व्यक्ति की रकम गुम हुई है, वह तहसील कार्यालय से संपर्क करे या सीधे वकील नवीन से मिलकर अपनी राशि प्राप्त कर सकता है। वकीलों की ईमानदारी की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है।

## साइबर ठगों पर शिकंजा, पांच राज्यों से 15 दिन में 11 आरोपित गिरफ्तार, 11 लाख से अधिक की रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

### राजस्थान, गुजरात, पंजाब, यूपी, हरियाणा में धर पकड़

- **राजस्थान से गिरफ्तारी :** पंकज कुमार पटेल और करण सिंह डोराटा और राजेश यादव को गिरफ्तार किया गया।

2. **गुजरात से गिरफ्तारी :** दीपेश मेहला राठौड़ और मितुल घनश्यामभाई भोपानी को अहमदाबाद, गुजरात से पकड़ा
3. **पंजाब एवं हरियाणा से गिरफ्तारी :** नवीन कुमार (बठिंडा, पंजाब) और प्रिंस व यशप्रीत (जींद) मनीष को महेंद्रगढ़, से गिरफ्तार किया
4. **उत्तर प्रदेश से गिरफ्तारी :** जुनैद को लखनऊ से गिरफ्तार किया



पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह के दिशा निर्देशानुसार और सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजीत सिंह के नेतृत्व में साइबर थाना सोनीपत ने साइबर अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। 1 नवंबर 2025 से 15 नवंबर 2025 की अवधि में साइबर थाना की टीम ने छह अलग अलग मामलों को सफलतापूर्वक हल करते हुए पांच राज्यों से कुल 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना की इस विशेष पखवाड़े की कार्रवाई में महत्वपूर्ण सफलताएं दर्ज की गई हैं। पुलिस ने त्वरित, वैज्ञानिक और प्रभावी जांच करते हुए अपराधियों को उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, गुजरात और हरियाणा जैसे राज्यों से धर दबोचा। सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजीत सिंह ने बताया कि विभिन्न बैंक खातों में 4 लाख 12 हजार रुपए की संदिग्ध राशि को फ्रीज कर दिया गया है, जिससे आगे की संभावित ठगी को रोका गया। पुलिस द्वारा 11 लाख 74 हजार की रिकवरी की गई। सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजीत सिंह ने स्पष्ट किया कि सोनीपत पुलिस साइबर अपराधों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि किसी भी ऑनलाइन ठगी, संदिग्ध लिंक, फर्जी कॉल की सूचना बिना देर किए साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दें।

---

**दिव्य नगर योजना के तहत बहालगढ़ रोड पर पौने दो एकड़ जमीन फाइनल**

# सोनीपत को मिलेगा 25 करोड़ का आधुनिक ऑडिटोरियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग अब जल्द ही पूरी होने वाली है। सोनीपत में एक अत्याधुनिक सरकारी ऑडिटोरियम के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। यह ऑडिटोरियम बहालगढ़ रोड पर जाट जोशी की जमीन में बनाया जाएगा, जिसके लिए पौने दो एकड़ भूमि को अंतिम रूप से चिन्हित कर लिया गया है। इस परियोजना पर 'दिव्य नगर योजना' के तहत लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है।

ऑडिटोरियम के निर्माण स्थल को लेकर काफी समय से असमंजस की स्थिति थी। पहले इसे मिनी सचिवालय के पास स्थित हैबिटेट क्लब की जमीन पर बनाया जाना प्रस्तावित था। हालांकि, राजस्व विभाग से इस जमीन की मंजूरी नहीं मिल पाने के कारण परियोजना शुरू नहीं हो पाई थी। इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए, नगर निगम मेयर राजीव जैन और आयुक्त हर्षित कुमार ने निगम अधिकारियों के साथ मिलकर हाल ही में दो संभावित स्थानों का दौरा किया। इनमें सेक्टर 4 स्थित स्टेडियम के साथ लगती जमीन और बहालगढ़ रोड पर जयेश इंडस्ट्रीज़ के पास चिन्हित की गई जमीन शामिल थी। प्रक्रिय तेज गर दी गई है और अब जल्द ही ऑडिटोरियम का निर्माण करवाया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को सुविधा होगी।



**सोनीपत।** ऑडिटोरियम की जमीन का निरीक्षण करने पहुंचें मेयर एवं निगम आयुक्त।

#### जल्द औपचारिकताएं पूरी करें : मेयर

गहन विचार-विमर्श के बाद, अधिकारियों ने सर्वसम्मति से बहालगढ़ रोड की जमीन को अंतिम रूप दिया। यह जमीन जाट जोशी क्षेत्र में नगर निगम के स्वामित्व में है, जिससे निर्माण प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। मेयर राजीव जैन और आयुक्त हर्षित कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जल्द से जल्द सारी औपचारिकताएं पूरी करें और ऑडिटोरियम निर्माण का प्रस्ताव मुख्यालय भेजें।

#### दो साल बाद साकार होगा सपना

शहर में एक सरकारी ऑडिटोरियम बनाने का प्रस्ताव लगभग दो वर्ष पूर्व मंजूर किया गया था। स्थानीय निकाय विभाग ने इस परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की थी। योजना के अनुसार, इस ऑडिटोरियम में लगभग 600 दर्शकों की क्षमता होगी और यह सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। सोनीपत में अभी तक कोई भी सरकारी ऑडिटोरियम उपलब्ध नहीं है। सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए शहर की विभिन्न संस्थाओं और नागरिकों को निजी हॉल या अन्य अस्थायी स्थानों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिसके कारण उन्हें कार्यक्रम आयोजित करने में काफी परेशानी होती थी।

#### जल्द शुरू होगी टेंडर प्रक्रिया

इस महत्वपूर्ण विकास पर खुशी जाहिर करते हुए नगर निगम मेयर राजीव जैन ने बताया कि ऑडिटोरियम के निर्माण का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। चूँकि जाट जोशी की जमीन नगर निगम की अपनी संपत्ति है, इसलिए अब भूमि अधिग्रहण या मंजूरी संबंधी कोई बाधा नहीं है। मेयर जैन ने बताया कि जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आधुनिक ऑडिटोरियम के बनने से शहर वासियों और सामाजिक संस्थाओं को अपने कार्यक्रम आयोजित करने में अब किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। यह नया ऑडिटोरियम शहर के सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन को एक नई दिशा देगा।

## थाना कलां गांव को फिर 22 से 24 घंटे बिजली मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

- कोर्ट ने ग्रामीण उपभोक्ताओं के पक्ष में सुनाया फैसला
- रिश्वत लेते पकड़वाया बिजली कर्मी को गांव की बिजली आपूर्ति की अवधि कम की थी

लंबे समय से चल रहे बिजली विवाद में खरखौदा न्यायालय ने थाना कलां गांव के पक्ष में अहम फैसला सुनाते हुए आदेश दिया है कि गांव को पुनः वर्ष 2018 से पहले की तरह 22 से 24 घंटे शहरों की तरह बिजली आपूर्ति दी जाए। जज विक्रांत द्वारा सुनाए गए इस निर्णय के बाद गांव में खुशी का माहौल है। मामला वर्ष 2017-18 का है, जब तत्कालीन सरपंच बलराम दहिया ने एक बिजली कर्मी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाया था। इसके बाद बिजली निगम ने रंजिशन गांव की आपूर्ति अवधि कम कर दी थी। बलराम दहिया ने इसे अन्याय बताते हुए कोर्ट में याचिका दायर की। उनकी दलील थी कि वर्ष 2001 में खरखौदा 132 केवीए बिजली सब स्टेशन के लिए उनके गांव ने साढ़े 7 एकड़ जमीन सरकार को फ्री ऑफ कॉस्ट दी थी और बदले में शहर के जैसे बिजली देने का वादा हुआ था। इसके विपरित बिजली निगम ने अदालत में तर्क दिया कि गांव में लाइन लॉस अधिक है और म्हारा गांव जगमग गांव योजना के तहत सप्लाई प्रभावित हुई थी। न्यायालय ने इन तर्कों को खारिज करते हुए कहा कि निगम और ग्रामीणों के बीच हुआ करार सर्वोपरि है और गांव को उसका हक मिलना चाहिए।

#### यह ग्रामीणों की जीत

यह अलग बात है कि तब सरपंच बलराम दहिया पर गांव के हिस्से की बिजली को मिलीभगत करके फैक्ट्री में सप्लाई करवाने के आरोप भी लगे थे, जो निराधार पाए गए। अब फैसले के बाद पूर्व सरपंच बलराम दहिया ने कहा कि यह ग्रामवासियों की जीत है। भले ही वे अब सरपंच नहीं हैं, लेकिन उन्होंने यह लड़ाई पूरे मनोयोग से लड़ी। फैसला आने के साथ ही गांव में खुशी का माहौल है।



# धनुष ने कहा, जख्मी आशिक जैसा है उसका चेहरा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सैनन स्टारर फिल्म सिनेमाघरों में 28 नवंबर 2025 रिलीज होने जा रही है। फिल्म की स्टार कास्ट अभी इसके प्रमोशन में बिजी हैं और धनुष ने अपने चेहरे और अपीयरेंस को लेकर बात की। आनंद एल. राय के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अपने किरदार 'शंकर' के बारे में बात करते हुए धनुष ने कहा कि उनका चेहरा किसी घायल आशिक जैसा दिखाई पड़ता है। धनुष ने बातचीत में कहा कि एक बार आनंद एल राय और कृति सैनन ने उन्हें बताया था कि उनका चेहरा एक जख्मी आशिक का चेहरा है। एक्टर ने कहा कि उन्होंने आनंद और कृति की इस बात को एक तारीफ के तौर पर लिया था।

## लाइफ Style



# साई

## मेजर मुकुंद की सच्ची कहानी पर बनी है अमरन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रामायणः पार्ट 1' को दिवाली 2026 पर रिलीज करने की योजना है, जबकि 'पार्ट 2' दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। गोवा में चल रहे 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान अनुपम की मुलाकात साउथ अभिनेत्री साई पल्लवी से हुई। इस पल की एक खास तस्वीर अनुपम ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने 'रामायण' एक्ट्रेस की जमकर तारीफ भी की। अनुपम खेर ने साई पल्लवी के साथ हुई इस खास मुलाकात की एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की। इस मुलाकात के दौरान अनुपम को साई बहुत सच्ची, प्यारी, स्वाभाविक और विनम्र लगीं। इस तस्वीर के साथ अनुपम ने कैप्शन में लिखा, 'खूबसूरत एक्ट्रेस साई पलल्वी से खास मुलाकात। उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। थोड़ी देर की बातचीत में वो बिल्कुल सच्ची, प्यारी और सहज लगीं। वो कमाल की अभिनेत्री हैं। उनके आने वाले सभी प्रोजेक्ट्स के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। जय हो।'

फिल्म 'अमरन' असल में मेजर मुकुंद वर्मा की सच्ची कहानी पर बनी है, जो शिवकार्तिकियन ने निभाया है और साई पल्लवी उनकी पत्नी सिंधु के किरदार में हैं। फिल्म उस बहादुर सैनिक की जिंदगी और बलिदान की कहानी दिखाती है। इस फिल्म में दर्शकों को दोनों कलाकारों का अभिनय बेहद पसंद आया।

## हॉलीवुड मसाला



# टी- शर्ट पर नजर आया महादेव का चेहरा

**मुंबई।** इन दिनों कई विदेशी सिंगर, रैपर भारत में म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए आ रहे हैं। शनिवार रात ब्रिटिश रैपर सेंट्रल सी ने मुंबई में परफॉर्म किया। इस मौके पर उनकी टी-शर्ट ने इंडियन फैंस का दिल जीत लिया। इसमें वह स्टेज पर गाना गा रहे हैं। उन्होंने जो टी-शर्ट पहनी है, उस पर भगवान शिव की तस्वीर बनी हैं। रैपर का लुक इस टी-शर्ट की वजह से काफी यूनीक लग रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स रैपर सेंट्रल सी की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने ब्रिटिश रैपर की वायरल वीडियो को एप्रीशिएट किया है।



# आज भी अधूरी है ये 8 साल पुरानी क्राइम-थ्रिलर सीरीज

**लॉस एंजिल्स।** आज हम आपको एक ऐसी ही सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आए पूरे 8 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी उसको देखने वाले लोग उसके क्लाइमैक्स का इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज ने लोगों को ऐसा असर डाला था कि आज भी लोग इसको भूल नहीं पाए और इसी बीच से ये आज भी ओटीटी पर ट्रेंड करती रहती है। ये एक जबरदस्क क्राइम-थ्रिसर सीरीज है, जिसको जो पेनहॉल ने डायरेक्ट किया था और डेविड फिंचर समेत कई दमदार डायरेक्टर्स ने इसे अपनी स्टाइल दी है। साथ ही सीरीजी में कई दमदार कलाकार नजर आए थे। इस सीरीज का नाम है 'माइंडहंटर'जो 2017 को ओटीटी पर स्ट्रीम हुई थी और खूब पसंद की गई थी। इस शो की असली जान जोनाथन ग्रॉफ, होल्ट मैककैलनी और अन्ना टोरव की जबरदस्त परफॉर्मेंस थी।



# नोरा-माधुरी के डांस ने लूटी महफिल

**मुंबई।** हाल ही में एक शादी काफी चर्चा में है। उदयपुर में यूएस बेस्ड अरबपति की बेटी की शादी हो रही है। इस शादी में परफॉर्म करने के लिए हॉलीवुड सिंगर जेनिफर लोपेज तक आईं। साथ ही रणवीर सिंह, कीर्ति सेनन के अलावा कई सेलेब्स ने परफॉर्मेंस दी। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा नोरा फतेही के डांस की रही। शादी से जुड़े एक इवेंट में शनिवार रात नोरा ने जबरदस्त डांस किया। माधुरी दीक्षित ने भी स्टेज पर अपनी डांसिंग स्किल्स दिखाईं। नोरा फतेही ने शादी में कई गानों पर डांस परफॉर्म किया। साथ ही शादी में शामिल हुए मेहमानों को भी अपनी डांस परफॉर्मेंस का हिस्सा बनाया। नोरा का डांस ही नहीं लुक भी काफी चर्चा में रहा। माधुरी दीक्षित बहुत ही एलीगेंट गेटअप में नजर आईं। उन्होंने अपने हिट गानों पर शादी में डांस परफॉर्मेंस दी।



# एक्शन मोड में सामने आया धांसू लुक

**मुंबई।** नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म एनसी 24 एक पौराणिक थ्रिलर है। फिल्म 'वाराणसी' के स्टार महेश बाबू ने चै अक्किनेनी यानी नागा चैतन्य के जन्मदिन के मौके पर एनसी24 फिल्म का शीर्षक और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'वृषकर्मा' है। इसके पहले पोस्टर में नागा चैतन्य एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। लेकिन, फिल्म से नागा का पहला लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'एनसी24' का पहला पोस्टर और टाइटल रिवील किया है। हाल ही में एनसी 24 के फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर और टाइटल रिवील करने की घोषणा की थी। निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'धमाका करने के लिए तैयार हो जाइए।

## टीवी मसाला



# शो खत्म होने के बाद इस कंटेस्टेंट को इग्नोर कर सकते हैं सलमान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के वीकेंड के वार पर सलमान खान ने अमाल मलिक और शाहबाज की जबरदस्त फटकार लगाई। अमाल को रोहित शेट्टी के साथ बदतमीजी करने और शो को बायस्ड बोलने के लिए डांटा गया। इस बीच सलमान ने ये भी इशारा कर दिया कि शो के बाद वो शायद अमाल को इग्नोर कर देंगे। दरअसल, सलमान पिछले कई वीकेंड के वार पर अमाल को समझाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने म्यूजिक कंपोजर को कई चेतावनी भी दी। अब उन्होंने अमाल को इग्नोर करने की बात कही है। दरअसल, सलमान ने घरवालों को एक टास्क दिया जिसमें उन्हें एक ऐसे कंटेस्टेंट का नाम बताना था जो उनके मुताबिक लूजर है। ज्यादातर घरवालों के मुताबिक वो कंटेस्टेंट शाहबाज है। वहीं सिर्फ प्रणित मोरे ने अमाल का नाम लिया। इस पर प्रणित ने कहा, "कितनी बार वो वीकेंड से पहले भी आकर बोलता है कि सलमान सर मेरी और शहबाज़ की क्लास लेंगे। और वो इतनी बार बोलता है, जैसे उसे इस बात पर गर्व है। मुझे ऐसा लगता है। अगर वो यहां होकर भी ऐसा कह रहा है, तो मुझे लगता है कि बाहर भी वो कहीं न कहीं इसे स्वीकार नहीं करेगा।" प्रणित की बात सुनते ही सलमान खान ने अपने ही अंदाज में ऐसा जवाब दिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सलमान ने कहा, जितनी क्लास यहां पर ली है वो काफी ली है, लेकिन क्लास तो ये जब घर से बाहर निकलेगा तब ली जाएगी।

## विवियन ने पहेल एपिसोड में ही जीता स्टार

**नई दिल्ली।** कलर्स चैनल के रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स के तीसरे सीजन का पहला एपिसोड आ चुका है। पहले दो सीजन की तरह ही इस सीजन के पहले एपिसोड में ही कंटेस्टेंट्स ने हंसी-मजाक के साथ खाना बनाते नजर आए। पहले एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को पहले टास्क में पनीर जलेबा बनाने को मिला। हरपाल सिंह ने विवियन और ईशा सिंह को पनीर जलेबा के लिए स्टार दिया। वहीं, दूसरे टास्क में कंटेस्टेंट्स को पंजाबी समोसा बनाने को मिले। इस टास्क के दौरान गुरमीत ने करीब 17 साल बाद समोसा खाया। गुरमीत ने अपने और अपनी पत्नी का बनाया समोसा ही चखा। दूसरे टास्क में कृष्णा और कश्मीरा को स्टार मिला। इस सीजन में पहले सीजन्स के मुकाबले काफी चीजें अलग होने वाली हैं। पहले दो सीजन में कंटेस्टेंट्स अपनी जोड़ी के साथ स्टार जीतने की कोशिश करते नजर आए थे, लेकिन इस सीजन में जोड़ियों को दो टीम में बांटा गया है।



# स्पिरिट की मुहूर्त में साथ दिखे संदीप-तृप्ति और चिरंजीवी

**मुंबई।** साउथ स्टार प्रभास इन दिनों हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। प्रभास, संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार की आगामी फिल्म 'स्पिरिट' की शूटिंग का पहला शेड्यूल रविवार से शुरू हो चुका है। फिल्म के मुहूर्त समारोह की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर सामने आई हैं। मुहूर्त पूजा में 'स्पिरिट' की मुख्य टीम मौजूद दिखी। जिसमें चिरंजीवी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार तृप्ति डिमरी भी मुहूर्त पूजा में शामिल हुईं। हालांकि, मुहूर्त पूजा की इन तस्वीरों में प्रभास नजर नहीं आए। 'स्पिरिट' में प्रभास के अलावा तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रभास के फैंस 'स्पिरिट' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रभास



'द राजा साब' में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रभास 'स्पिरिट', 'कल्कि 2898 एडी 2' और 'सालार 2' जैसी कई फिल्में नजर आएंगे। इसके अलावा वह इन दिनों नई फिल्म 'फौजी' पर भी काम कर रहे हैं। जिसका निर्देशक हनु राघवपुडी कर रहे हैं।

# रेखा और मौसमी के बीच हुआ था फिल्म क्रेडिट को लेकर विवाद...

**मुंबई।** 1980 के दशक में रेखा और मौसमी चटर्जी छाई हुई थीं। दोनों उस समय की टॉप एक्ट्रेसेज मानी जाती थीं। ऐसे में मेकर्स दो हीरोइन और एक हीरो को लेकर कई फिल्में बना रहे थे। इसमें से एक फिल्म थी मांग भरो सजना। 1980 में आई इस फिल्म में मौसमी और रेखा ने साथ काम किया था। फिल्म के हीरो थे जितेंद्र। फिल्म में रेखा ने तुलसी का किरदार निभाया था और मौसमी थीं शांति। एक लव ट्रायंगल था जिसमें जितेंद्र दोनों से प्यार करते हैं। बॉक्स ऑफिस पर हिट रही इस फिल्म के पीछे की कहानी कम ही लोग जानते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के दौरान क्रेडिट को लेकर रेखा और मौसमी में विवाद हो गया था।



### रेखा के खिलाफ मौसमी

दरअसल, फिल्म शुरू होने के दौरान स्क्रीन पर सभी कलाकारों के नाम आते हैं। उस क्रेडिट में रेखा का नाम मौसमी के नाम से पहले था। ये बात मौसमी को पसंद नहीं आई। उन्होंने मेकर्स के सामने विवाद किया कि उनका नाम रेखा से ऊपर और पहले आना चाहिए। लेकिन, मेकर्स जानते थे कि उस समय रेखा ज्यादा पॉपुलर और फिल्म का मुख्य चेहरा हैं। ऐसे में क्रेडिट में उनका नाम पहले ही आना चाहिए। उन्होंने मौसमी की एक बात नहीं सुनी। और रेखा का नाम ही ऊपर रखा।

**राखी ने भी कही कड़वी बातें :** ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि मौसमी इस बात से इतना नाराज हुई थीं कि उन्होंने रेखा के खिलाफ मीडिया में इंटरव्यू दिया था। हालांकि, इसके बाद भी दोनों एक्ट्रेस ने कई फिल्मों में साथ काम किया था। वैसे मौसमी ही नहीं बल्कि एक्ट्रेस राखी गुलजार भी रेखा और उनके फैशन को ट्रोल कर चुकी हैं। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में रेखा को चलता फिरता ज्वेलरी शॉप कह दिया था।

## कई विलेन नायकों पर भारी पड़े, दर्शकों ने इन्हें किया खूब पसंद

# खलनायक के रूप में नजर आए बॉलीवुड के ये बड़े स्टार्स

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।*

### अर्जुन कपूर- डेंजर लंका



फिल्म 'सिंघम अगेन' (2024) में अर्जुन कपूर ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया।

### आर माधवन- वनराज



फिल्म 'शैतान' (2024) में आर माधवन ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म 'वश' पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था।

### बॉबी देओल- अबरार अहमद



साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें रणबीर कपूर के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया।

### संजय दत्त- कांचा



साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'अग्निपथ' में संजय दत्त ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।

### रणवीर सिंह- अलाउद्दीन खिलजी

फिल्म 'पद्मावत' (2018) में रणवीर सिंह ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। कह सकते हैं कि उनके अभिनय की वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही।



## खबर संक्षेप

### वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ मांगी गांव की सुख-शांति



**सोनीपत।** गांव बादशाहपुर माच्छरी की पंचायत द्वारा ग्राम की सुख-शांति और समृद्धि के लिए विशेष हवन का आयोजन किया गया। यह धार्मिक अनुष्ठान गांव की व्यायामशाला परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें सरपंच राज सिंह ने नेतृत्व किया। हवन में गांव के प्रमुख व्यक्तियों, बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने बड़ी श्रद्धा से हिस्सा लिया। हवन के बाद ग्रामीणों ने सनातन धर्म के संरक्षण और विस्तार करने की शपथ ली। हवन की शुरुआत वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ हुई। ग्रामीणों ने आहुति डालकर गांव में सकारात्मक ऊर्जा, शांति और सद्भावना के प्रसार की कामना की।

### विधायक ने किया पदक विजेता को सम्मानित



**गन्नौर।** रोहतक स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम में हुई हरियाणा राज्य स्तरीय खेल स्पर्धा में पुगथला गांव की बेटी दीक्षा ने 200 मीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। दीक्षा बजाना कलां गांव स्थित समाज कल्याण स्कूल में चौथी कक्षा में पढ़ती है। उसकी उपलब्धि पर स्थानीय लोगों व परिजनों में खुशी की लहर है। रविवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने दीक्षा को सम्मानित कर उसका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने दीक्षा को मेडल पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट किया। विधायक कादियान ने कहा कि दीक्षा ने पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी शानदार प्रतिभा दिखाई है। उन्होंने कहा कि उसकी उपलब्धि न सिर्फ उसके परिवार के लिए गौरव है, बल्कि सभी बेटियों के लिए प्रेरणा है।

### कैडेट्स ने 78वां एनसीसी-डे मनाया



**सोनीपत।** हिंदू गर्ल्स कॉलेज सोनीपत में राष्ट्रीय कैडेट कोर का 78वां रेजिंग डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस वर्ष का थीम डिजिटल इकॉनमी और विकसित भारत रखा गया, जिसके अंतर्गत कैडेट्स ने डिजिटल जागरूकता को बढ़ावा देने वाली कई गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, लोगो डिजाइनिंग, निबंध लेखन और डिजिटल प्रेजेंटेशन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें कैडेट्स ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरा आयोजन एसोसिएट एनसीसी अधिकारी कैप्टन नीतू नसीयर दूहन के नेतृत्व में संचालित हुआ।

### जरूरतमंद परिवार की बेटी को सौंपी सामग्री



**सोनीपत।** इनरव्हील क्लब स्वर्ण सोनीपत ने रविवार को एक जरूरतमंद परिवार की बेटी के विवाह में सहायता सामग्री प्रदान कर सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया। क्लब की ओर से लड़की को 11 जोड़ी कपड़े, स्वेटर, शॉल, पर्स, 51 बर्तन, कुकर, मिक्सर, मशीन, पंखा, दो बिस्तर, तीन कंबल, चादरें, ज्वेलरी सेट, राशन और 5100 रुपये कन्यादान के रूप में दिए गए। सामग्री वितरण के दौरान क्लब की टीम ने परिवार को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया। क्लब उपप्रधान उषा भंडारी ने बताया कि संस्था हमेशा जरूरतमंद की सहायता के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि किसी भी विवाह सहायता से पहले लड़की की आयु और परिवार की स्थिति की पूरी जांच की जाती है।

# छात्रवृत्ति योजना : सोनीपत में 10 परीक्षा केंद्रों पर 2733 विद्यार्थी देंगे पेपर

## 30 नवंबर को होगी परीक्षा, प्रवेशपत्र वेबसाइट से डाउनलोड करें आवेदक

- राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना के तहत ली जाएगी परीक्षा, उत्तीर्ण करने पर मिलेगी छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



फाइल फोटो

विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने के लिए राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएस) के तहत परीक्षा ली जाती है। इस परीक्षा के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने जिला अनुसार परीक्षा केंद्रों का चयन किया है। सोनीपत में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के लिए 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर 2733 विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

छात्रवृत्ति योजना के तहत शिक्षा बोर्ड की ओर से 30 नवंबर को विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी छात्रवृत्ति के हकदार होंगे। जिला शिक्षा विभाग को सभी केंद्रों पर नकल रहित परीक्षा करवाने के लिए प्रबंध करवाने के निर्देश दिए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर तय विद्यार्थियों से 10-12 ज्यादा सीटें निर्धारित की गई हैं, ताकि मौके पर गलत केंद्र पर पहुंचने वाले विद्यार्थियों के प्रवेशपत्र की जांच कर उनकी परीक्षा ली जा सके। उन्हें समय के अभाव के साथ इधर-उधर न भटकना पड़े। हालांकि शिक्षा बोर्ड की ओर से फिलहाल इस बारे पत्र जारी नहीं किया गया है।

### केंद्र निर्धारित किए

30 नवंबर को होने वाली एनएमएमएस छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए केंद्र निर्धारित किए जा चुके हैं। पात्रों के लिए प्रवेशपत्र वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं। जिला में 10 केंद्रों पर 2733 विद्यार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। *नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत*

### प्रतिमाह मिलेंगे एक हजार रुपये

योजना के तहत परीक्षा में राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 8वीं के वहीं विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने कक्षा 7वीं राजकीय विद्यालयों से उत्तीर्ण की है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह 1000 रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी। परीक्षा में विद्यार्थियों की मानसिक योग्यता को जांचने के लिए गणित, विज्ञान व सामान्य ज्ञान पर आधारित 90 प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी।

### लिखित परीक्षा आयोजित होगी

छात्रवृत्ति योजना के तहत शिक्षा बोर्ड की ओर से 30 नवंबर को विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी छात्रवृत्ति के हकदार होंगे। जिला शिक्षा विभाग को सभी केंद्रों पर नकल रहित परीक्षा करवाने के लिए प्रबंध करवाने के निर्देश दिए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर तय विद्यार्थियों से 10-12 ज्यादा सीटें निर्धारित की गई है।

### किस केंद्र पर कितने विद्यार्थी देंगे परीक्षा

| केंद्र का नाम कुल | सीटें |
|---|---|
| राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जटवाड़ा | 312 |
| राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मुरथल अड्डा | 312 |
| आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोनीपत | 312 |
| आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, काठ मंडी | 312 |
| डीवी पब्लिक स्कूल, सोनीपत | 312 |
| दून वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोनीपत | 312 |
| गीता विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोनीपत | 312 |
| हिंदू कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोनीपत | 259 |
| रामजस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोविंद नगर | 253 |
| एसएम हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोनीपत | 166 |

## संगत ने गुरु जी के बलिदान और आदर्शों का किया स्मरण

# गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी समागम पर निकाली प्रभात फेरी

## गुरु जी ने किसी भी परिस्थिति में धर्म परिवर्तन स्वीकार नहीं किया था

**पांच पियारों की अगुवाई में प्रभात फेरी निकाली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



**सोनीपत।** प्रभात फेरी के दौरान शामिल श्रद्धालुगण। *फोटो :हरिभूमि*

गुरु तेग बहादुर के 350 साला शहीदी समागम के उपलक्ष में रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब सेक्टर 15 से गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया में और पांच पियारों की अगुवाई में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में संगत शामिल हुई और गुरु तेग बहादुर साहब जी की वाणी का सामूहिक गायन कर वातावरण को श्रद्धामय बना दिया।

यह प्रभात फेरी शहर के सभी प्रमुख गुरुद्वारों से गुजरती हुई पुनः गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब पहुंचकर संपन्न हुई। संगत ने गुरु जी के बलिदान और उनके आदर्शों को स्मरण करते मानवता, साहस और धार्मिक स्वतंत्रता के संदेश को दोहराया। इतिहास के अनुसार गुरु तेग बहादुर जी ने 1675 में चांदनी चौक में मानवाधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करते हुए अपना शीश बलिदान किया था। उनके समक्ष ही भाई मती दास, भाई सती दास और भाई दयाल जी को शहीद किया गया, लेकिन गुरु जी अडोल रहे और किसी भी परिस्थिति में धर्म परिवर्तन स्वीकार नहीं किया। उनकी उच्चारित वाणी आज भी श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज है और संगत को मार्गदर्शन प्रदान करती है। प्रभात फेरी में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य गुरदयाल सिंह सोढ़ी, परमजीत सिंह, तेजेंद्र पाल सिंह, अमरीक सिंह, हरजीत सिंह, हरगोविंद सिंह, मनोज कलड़ा, फतेहचंद नारंग और गुरमेल सिंह विशेष रूप से शामिल हुए।

### श्री जप साहिब जी का किया पाठ

- गुरु तेग बहादुर के 350 वें बलिदान दिवस प्रभातफेरी निकाली
- औरंगजेब ने चांदनी चौक पर उनका सर कटवा दिया था

**गोहाना।** शहर में सत नगर स्थित सचखंड गुरुद्वारा कमेटी और श्रद्धालुओं द्वारा गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में प्रभातफेरी निकाली गई। इससे पहले गुरुद्वारा में कार्यक्रम हुआ, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष डा. प्रदीप कुमार खानिजौ ने की। संचालन सचिव डा. सुरेश सेतिया और संयोजन कृष्ण दुरेजा एवं महिला सुखमणि समिति द्वारा किया गया। गुरुद्वारा साहिब में सुबह पांच से सात बजे तक श्री जप साहिब जी का पाठ और महला के श्लोकों का उच्चारण किया गया। इसके बाद प्रभातफेरी निकाल गई, जो गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर समता चौक, लक्ष्मी नगर और उसके बाद सेक्टर सात पहुंची। प्रभातफेरी सेक्टर से वापस गुरुद्वारा पहुंचकर संपन्न की गई। निशान साहब की सेवा सरदार जोगिंद्र सिंह ने की। गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी भाई गुरदीप सिंह ने कहा कि गुरु तेग बहादुर धर्म और मानवता की रक्षा के लिए बलिदान हुए। औरंगजेब ने चांदनी चौक पर उनका सर कटवा दिया था, जहां पर शीशगंज गुरुद्वारा बना हुआ है। उनसे पहले भाई मतिदास, भाई सतिदास और भाई दयाला ने भी बलिदान दिया। गुरुद्वारा में अटूट लंगर लगाया गया। लंगर में गुलशन नारंग, कमल, तुषार, कृष्ण नारंग, मोहित दुरेजा, हिमांशु दुरेजा, गौरव तगड़ा, कृष्ण खुराना, सोनू मक्कड़, गगन मनचंदा, महेंद्र नारंग, अजय, राजकुमार तागड़ा ने सेवा दी।



**सोनीपत।** परिचय सम्मेलन में उपस्थित लोग। *फोटो :हरिभूमि*

# सोनीपतः अग्रसेन भवन में परिचय सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति सोनीपत द्वारा आज अग्रसेन भवन, सेक्टर-14 सोनीपत में परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें वैश्य समाज के लगभग 50 युवक-युवतियों ने हिस्सा लिया।

विभिन्न शहरों से कई परिवार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। समिति ने निर्णय लिया है कि अब प्रत्येक माह एक परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, ताकि वैश्य समाज के परिवारों को एक सशक्त मंच प्रदान किया जा सके। समाज द्वारा रिश्तों के लिए एक ऑनलाइन वेबसाइट भी उपलब्ध कराई गई है, जिसमें इच्छुक युवक-युवतियाँ अपना बायोडाटा दर्ज कर सकते हैं। कार्यक्रम में समिति के प्रधान टीका राम मित्तल, वरिष्ठ उप प्रधान संजय सिंगला, उप प्रधान, महामंत्री ओ.डी. गर्ग, महामंत्री विकास मंगला, कोषाध्यक्ष अशोक गर्ग, मंत्री रवि मित्तल, डॉ. राजेश गुप्ता, सतपाल गुप्ता, डॉ. मोहित बंसल सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने घोषणा की कि अगला परिचय सम्मेलन 28 दिसंबर को अग्रसेन भवन सेक्टर 14 सोनीपत में आयोजित किया जाएगा। समाज के सभी परिवारों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई है।





**सोनीपत।** विजेताओं को सम्मानित करते हुए अतिथिगण। *फोटो :हरिभूमि*

# ताइक्वांडो मुकाबलों में हर्षवर्धन ने स्वर्ण और कीर्तिमान ने जीता रजत

- गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में इंटर सोसाइटी खेल प्रतियोगिताएं संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गेटवे इंटरनेशनल स्कूल सोनीपत में 22 नवंबर से प्रारंभ इंटर सोसाइटी खेल प्रतियोगिताएं 2.0 रविवार को कई रोमांचक फाइनल मुकाबलों के साथ संपन्न हुईं। प्रतियोगिताओं में विभिन्न सोसाइटी के खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो, फुटबॉल, स्केटिंग और क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए।ताइक्वांडो मुकाबलों में 20-25 वर्ग में हर्षवर्धन ने स्वर्ण पदक और कीर्तिमान ने रजत पदक जीता। 30-35 वर्ग में रुद्रांश प्रथम और अक्ष द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि 40-45 वर्ग में उर्वेश ने स्वर्ण और कृतार्थ ने रजत पदक प्राप्त किया। फुटबॉल फाइनल में वर्धमान सोसाइटी ने एल्डिको टीम को हराकर स्वर्ण जीता। स्केटिंग में उषय टावर कुंडली के प्रसन्न, परणित, राव्या और सनसाइन सोसाइटी की आर्यावी ने स्वर्ण पदक जीते। सुपरमैक्स के नायरा, भौमिक और रिपुंजय भी स्वर्ण विजेता रहे। ओवरआल विजेता टीम टी डी आई किंग्सबरी कुंडली के केतन, यशिका, गति और मयंक ने स्वर्ण तथा आर्यवीर ने रजत जीता। क्रिकेट में ओमेक्स सोसाइटी ने सुपरमैक्स को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया।

### शिक्षकों ने सीखी संस्कृत शिक्षण की उन्नत विधियां

**गोहाना।** संस्कृत विषय के पीजीटी और टीजीटी शिक्षकों ने संस्कृत शिक्षण की उन्नत विधियां सीखी। कार्यक्रम में जिले के सभी शैक्षणिक खंडों के संस्कृत के पीजीटी और टीजीटी शिक्षकों ने प्रतिभागिता की। संस्कृत शिक्षण में सुधार के साथ नवीन शिक्षण पद्धतियों को कक्षा कक्ष तक पहुंचाने के लिए 17 से 22 नवंबर तक यह कार्यक्रम जिला शैक्षिक एवं अनुसन्धान प्रशिक्षण परिषद बीसवां मील में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन रावमावि छिछड़ाना से संस्कृत प्रवक्ता एमटी सतनारायण वशिष्ठ, डॉ. वेदपाल, सुशील शर्मा, मीना, रविंद्र कुमारी, प्रतिभा, जैस्मीन कौर और सुनीता द्वारा किया गया। सतनारायण वशिष्ठ ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीजीटी और टीजीटी शिक्षकों को संस्कृत शिक्षण की उन्नत विधियों, गतिविधिनिष्ठ अध्यापन, भाषा-प्रयोग, उच्चारण की शुद्धता, मूल्यांकन तकनीक व शिक्षण सामग्री निर्माण के विभिन्न आयामों पर व्यापक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। डाइट प्राचार्या रचना बाना ने कार्यक्रम में आए शिक्षकों को भाषा शिक्षण कौशल के प्रति अपडेट रहने के लिए प्रोत्साहित किया।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण। *फोटो :हरिभूमि*

# भाई के प्रति अगाध प्रेम, निष्ठा का सर्वोच्च उदाहरण भरत : अरोड़ा

**सुंदरकांड पाठ, और श्री रामकथा का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

श्री राम परिवार सोनीपत द्वारा रविवार को श्री सुंदरकांड पाठ, हरिनाम संकीर्तन और श्री रामकथा का आयोजन सेक्टर 15 स्थित एडवोकेट पं. रामधन शर्मा के निवास पर किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे वातावरण में भक्तिभाव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रमुख ओमप्रकाश अरोड़ा ने श्री रामचरितमानस के भरत प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि भरत का चरित्र अपने भाई राम के प्रति अगाध प्रेम, निष्ठा और कर्तव्य भाव का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भरत ने अयोध्या का सिंहासन स्वीकार करने के बजाय श्रीराम की पादुकाएं सिंहासन पर स्थापित कर नंदीग्राम से शासन चलाया, जो त्याग और आदर्शों की मिसाल है। पिता के निधन और माता कैकेई के कृत्य से दुखी भरत जब श्रीराम को चित्रकूट से वापस लाने गए, तब भी राम ने अपनी प्रतिज्ञा नहीं छोड़ी। अंततः भरत उनकी पादुकाएं लेकर अयोध्या लौट आए और राम के प्रतिनिधि के रूप में राजकाज संभाला। कार्यक्रम में पवन सहगल, सूरजकांत, राकेश बंसल मौजूद थे।

## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (201 से 250)

❖ श्री दलबीर सिंह सुपुत्र श्री दयानंद, 668/5, उत्तम विहार, रोहतक ❖ श्री नीरू, 993/18, रोहतक ❖ श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री सोमनाथ, 527/25, पटेल नगर, रोहतक ❖ श्री जयप्रकाश सुपुत्र श्री भीम सिंह, नांदल, लाखनमाजरा, रोहतक ❖ श्रीमति बीरा देवी पत्नी श्री सुशील कुमार, म.नं. 26, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री नीरू चहल सुपुत्र श्री श्रवण कुमार, डेयरी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री राजेश कुमार सुपुत्र श्री दीपचंद, न.नं. 1306/31, न्यू राजेंद्र कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री हरिवंदर सिंह सुपुत्र श्री होशियार सिंह, न्यू विजय नगर, रोहतक ❖ श्री तुषार कथूरिया सुपुत्र रविंदर कथूरिया, म.नं. 194818, आर्य नगर, रोहतक ❖ श्री श्याम कपूर सुपुत्र श्री मूलचंद कपूर, सी 312, नजदीक शिव मंदिर, प्रीत विहार, रोहतक ❖ श्री सुमेर सिंह सुपुत्र स्व. श्री निहाल सिंह, गांव सैमाण, तह. महम, रोहतक ❖ श्री हरीश कुमार सुपुत्र श्री खरेती लाल, 709/12, प्रधाना मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री कैलाश चंद्र सुपुत्र हरिसिंह, 1445/22, ओल्ड विजय नगर, रोहतक ❖ श्री प्रमोद सुपुत्र राज सिंह, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री मांगेराम सुपुत्र लखीराम, न्यू राजेंद्र कॉलोनी, भिवानी चुंगी, रोहतक ❖ श्री सुरेंद्र सुपुत्र देव सिंह, 2149/50 सेक्टर 1, रोहतक ❖ परिणीता सुपुत्र कुलदीप, सेक्टर 1, रोहतक ❖ श्री राजेन्द्र कृपाल सुपुत्र स्व. शिवराम, 95/29, जसबीर कालोनी, रोहतक ❖ श्री कंदीप सुनेजा सुपुत्र श्री हरीश सुनेजा, 1210/5, पंजी मौहल्ला, तह. व जिला रोहतक ❖ श्री संदीप सूरजा सुपुत्र श्री हरीश सूरजा, 1210/5, पीरजी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री ओमप्रकाश ढुल सुपुत्र बलवंत सिंह, शास्त्री नगर, हिसार बाईपास रोहतक ❖ श्री मोहित चुघ सुपुत्र श्री मदनलाल, 52ए/26, जवाहर नगर रोहतक ❖ श्री ओमपति प्रताप सिंह सुपुत्र स्व. प्रताप सिंह, न्यू विजय नगर, रोहतक ❖ श्री वंश सुपुत्र रोहित जसपाल, हनुमान कॉलोनी, गली नं. 4, रोहतक ❖ श्रीमति त्रिपति विज पत्नी श्री सुशील कुमार, म.नं. 323, फेस सी, प्रीत विहार, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, रोहतक ❖ श्रीमति संतोष पत्नी श्री राजबीर सिंह, देव कॉलोनी, नजदीक सीएसडी कैंटीन, रोहतक ❖ श्री ओमप्रकाश सुपुत्र श्री ऋषि राम, म.नं. 659/45/21, विशाल नगर, रोहतक ❖ श्री रवि सुपुत्र प्रदीप, गांव मोखरा (रोज), रोहतक ❖ श्री संदीप सुपुत्र श्री भगत सिंह, 650/35, जनता कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री मनोहर लाल सुपुत्र श्री जीवनदास, गांव बैंसी, पुराना बाजार, तह. महम, रोहतक ❖ श्रीमति गुनिका सुपुत्र श्री प्रवीन कुमार, म.नं. 643 सी/30, आदर्श नगर, रोहतक ❖ श्री जय किशन आरती सुपुत्र श्री रामचंद्र, किलोई (दोपाना), रोहतक ❖ श्री दीपक सुपुत्र श्री रामकिशन म.नं. 136 टाइप नं. 1, एमडीयू कैंपस ❖ श्री राजेंद्र सिंह सुपुत्र श्री शीशपाल, गांव व डा. नांदल, रोहतक ❖ श्रीमति ऋतिका सुपुत्री श्री नारायण सिंह, वार्ड नं. 10, नियर रविदास मंदिर, कलानौर, रोहतक ❖ श्री धर्मवीर सिंह सुपुत्र श्री रामस्वरूप, म.नं. 2354, नई राजेन्द्रा कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री राहुल सुपुत्र श्री सुरेश, खरक जाटान, बैंसी, तह. महम, रोहतक ❖ श्री अन्नु सुपुत्र बिजेंद्र, खरक जाटान, तह. लाखनमाजरा रोहतक ❖ श्री सुंदर सिंह सुपुत्र श्री देवेंद्र सिंह, गांव भालौठ, रोहतक ❖ श्रीमति कौशल्या रानी सुपुत्र श्री कलीराम, 143, प्रीत विहार, रोहतक ❖ श्री रामअवतार सुपुत्र प्रभाती राम, म.नं. 575/31, अंबेडकर कॉलोनी गली नं. 3, रोहतक ❖ श्री भगवान सुपुत्र इन्द्र सिंह, राव्याण, किलोई दोपाना, रोहतक ❖ श्रीमति सुशील देवी सुपुत्री श्री राजेंद्र सिंह, 582/29, तिलक नगर, रोहतक ❖ श्रीमति भावना भाटिया पत्नी रमेश कुमार, चिन्योट कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री नरसिंह दास सुपुत्र श्री राम सहाय, पटेल नगर, रोहतक ❖ श्री मुन्नीलाल सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद, म.नं. 98, पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री सुभाष चंद्र सुपुत्र श्री अर्जुन दास, 69 बी/3, मंदीप स्कूल वाली गली, रोहतक ❖ श्री जोगिन्दर प्रकाश चावला सुपुत्र श्री राम नारायण, 73/4, शिवाजी कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री अजय सिंधु सुपुत्र बीएस सिंधु, म.नं. 815/29, कमल कॉलोनी, रोहतक ❖ श्रीमति पूनम सुपुत्री श्री नरेंद्र सिंह, जाट कॉलोनी, वार्ड नं. 15, कलानौर, रोहतक

*क्रमशः*

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है :- फोन : 9253681019-20

### - कार्यालय पता -

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

**कार्यक्रम**

## ऋषिकुल विद्यापीठ में भव्य बेबी शो का आयोजन

500 से अधिक नन्हें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में गर्विक प्रथम, दिविशा द्वितीय और विहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान अतिथि साथ में विद्यालय चेयरमैन, निदेशक एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ऋषिकुल विद्यापीठ में भव्य बेबी शो का आयोजन किया गया, जिसमें इस वर्ष 500 से अधिक नन्हें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों को दो आयु वर्गों में विभाजित किया गया। पहला वर्ग छह महीने से दो वर्ष तक और दूसरा वर्ग दो वर्ष से छह वर्ष तक रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसके बाद मंच बच्चों की मासूम मुस्कान और रचनात्मकता से गुलजार हो गया। पहले वर्ग में चिकित्सक टीम ने शिशुओं की स्वास्थ्य जांच की। इस श्रेणी में हैल्दीएस्ट बेबी, मोस्ट चार्मिंग बेबी, क्यूटेस्ट बेबी और मोस्ट फोटोजेनिक जैसे विशेष सम्मान दिए गए। दूसरे वर्ग की प्रतियोगिता में बच्चों ने रैम्प वॉक, फैंसी ड्रेस और नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

### विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए

कार्निवल, क्ले मॉडलिंग, आईपैड एक्टिविटी, पेंटिंग और अन्य अतिरिक्त गतिविधियां भी बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गर्विक, द्वितीय स्थान दिविशा और तृतीय स्थान विहान ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया और संस्थान के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा, निदेशक धीरज शर्मा, ग्लोबल डायरेक्टर अर्चना शर्मा, प्रधानाचार्य उमेश कुमार, उपप्रधानाचार्या कृति चौधरी और अन्य शाखा अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उत्साहित किया।

## खबर संक्षेप



### श्री राम शरणम् आश्रम का स्थापना दिवस समारोह

**सोनीपत।** श्री राम शरणम्-आश्रम सैक्टर 15 में रविवार को स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। आश्रम का उदघाटन नवम्बर 1996 में गुरु महाराज भगत हंसराज के कर कमलों से किया गया था। आश्रम प्रमुख नवरत्न चोपड़ा ने साधकों को उस दिन के कार्यक्रम का विस्तार से वर्णन किया।

### स्वर्ण पदक विजेता विकास कश्यप का किया अभिनंदन



**गोहाना।** शहर में बरोदा रोड स्थित बाल भारती विद्यापीठ की कराटे अकादमी के खिलाड़ी विकास कश्यप ने हरियाणा राज्य कराटे चैंपियनशिप में अपने सब प्रतिद्वंद्वियों को परास्त करके स्वर्ण पदक जीत लिया। विकास गांव बड़ौता के निवासी हैं। रविवार को खिलाड़ी व उनके कोच अनिल भारद्वाज को खुली जीप में घुमाकर उनका भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया।

### 110 रोडवेज बसें लगाई गई ▶▶ यात्री होंगे परेशान

# कुरुक्षेत्र में एक दिन का कार्यक्रम सोनीपत में दो दिनों का बस संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

**कुरुक्षेत्र में होगा गुरु तेगबहादुर के 350वां बलिदान समारोह आयोजित**

कुरुक्षेत्र की पवित्र धरा पर 25 नवंबर को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशाल कार्यक्रम के लिए हरियाणा सरकार ने जिला प्रशासन सोनीपत से 204 बसों की मांग की है। इस बड़ी मांग के कारण सोनीपत के स्थानीय और अंतरराज्यीय बस रूटों पर यात्रियों को गंभीर परिवहन संकट का सामना करना पड़ सकता है। जानकारी के अनुसार, जिला प्रशासन द्वारा की गई कुल 204 बसों की मांग में से रोडवेज विभाग ने सोनीपत और गोहाना सब डिपो की 110 बसों का प्रबंध किया है, जबकि दिल्ली डिपो की 40 बसें भी इस व्यवस्था में शामिल होंगी। सोनीपत डिपो में कुल 211 बसें हैं, जिसका अर्थ है कि डिपो की लगभग आधी बसें प्रशासनिक ड्यूटी के लिए कुरुक्षेत्र रवाना होंगी। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) को शेष निजी बसों का प्रबंध करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुरुक्षेत्र आगमन पर आयोजित गुरु तेगबहादुर के 350वें बलिदान समारोह में लोगों को लाने और ले जाने के लिए इन बसों का उपयोग किया जाएगा। इन सभी बसों को उनके सामान्य रूटों के बजाय सीधे कुरुक्षेत्र के लिए भेजा जाएगा।



सोनीपत। सोनीपत बस अड्डे का फाइल फोटो।

**सभी लोकल रूट प्रभावित रहने की संभावना**

*प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर 25 नवंबर को 110 बसों को कुरुक्षेत्र भेजा जाएगा। इसके लिए मंगलवार को सभी लोकल रूट प्रभावित रह सकते हैं। वहीं, लंबे रूट पर बसों की संख्या कम रहेगी। प्रशासनिक ड्यूटी पर जाने वाली सभी बस मंगलवार शाम तक वापस लौटेंगी।*

*- कर्मबीर गहलावत, मुख्य निरीक्षक, हरियाणा रोडवेज*

#### यात्रियों के लिए बढ़ी मुश्किल

सोनीपत रोडवेज अधिकारियों के अनुसार, 110 बसों के कार्यक्रम में लगाए जाने से कम से कम 40 से अधिक लोकल और लंबे दूरी के रूट बुरी तरह प्रभावित होंगे। रोडवेज अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि केवल वातानुकूलित और मिनी बसों को ही रूटों पर चलाया जाएगा ताकि यात्रियों को थोड़ी राहत मिल सके। यह संकट केवल 25 नवंबर तक सीमित नहीं रहेगा। प्रशासनिक ड्यूटी पर भेजी जाने वाली ये बसें मंगलवार रात तक ही वापस लौटेंगी। इस वजह से, 26 नवंबर को भी परिवहन व्यवस्था पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाएगी, जिससे अगले दिन भी हजारों यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय रूटों के साथ-साथ अंतरराज्यीय रूटों के भी प्रभावित होने की आशंका है।

#### प्रशासन ने नहीं किए वैकल्पिक प्रबंध

यात्रियों को होने वाली संभावित भारी असुविधा को देखते हुए, सरकार या जिला प्रशासन की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए किसी वैकल्पिक परिवहन या विशेष प्रबंध की घोषणा नहीं की गई है। हालांकि, जिला प्रशासन की मांग पर आरटीए की तरफ से निजी बसों का प्रबंध करने की प्रक्रिया जारी है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि निजी बसें सामान्य बस यात्रियों की कमी को कितना पूरा कर पाएंगी। यात्रियों ने सवाल उठाया है कि एक बड़े राजनीतिक कार्यक्रम के लिए सरकारी परिवहन बेड़े का इतनी बड़ी संख्या में इस्तेमाल करने से पहले सामान्य जनता के लिए कोई ठोस योजना क्यों नहीं बनाई गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि 25 और 26 नवंबर को आवश्यक यात्रा करने वाले लोगों के लिए यह परिवहन व्यवस्था एक बड़ी चुनौती साबित होगी।

### साउथ पॉइंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग का भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

## स्वास्थ्य क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा समय की जरूरत : बड़ौली



सोनीपत। साउथ पॉइंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग का उद्घाटन करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष साथ में विधायक एवं मेयर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साउथ पॉइंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग का रविवार को उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि सोनीपत विधायक निखिल मदान, नगर निगम मेयर राजीव जैन और फिम्स अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. राजपाल जैन विशिष्ट अतिथि रहे। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा और कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने सभी अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। मुख्यातिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रशिक्षित और संवेदनशील नर्सिंग स्टाफ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आज सबसे अधिक आवश्यकता है। मेयर राजीव जैन ने अपने वक्तव्य में कहा कि नर्सिंग पेशा करुणा, समर्पण और सेवा का प्रतीक है। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि नर्सिंग शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय मानकों तक पहुंचाया जाए। इस मौके पर एक्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा, कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री व संस्थान प्रबंधन ने सभी अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## कांग्रेस परिवार लगातार हो रहा मजबूत : दिवान

### दो जगह आयोजित कार्यक्रम में कई लोगों ने ज्वाइन की पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कांग्रेस द्वारा रविवार को बीज मार्केट, बस स्टैंड के निकट वार्ड नंबर-2 में आयोजित किया गया। यहां पवन मेहरा, अमित मेहरा, सुमित मेहरा, विजय मेहरा, चंद मेहरा, विशाल मेहरा, मंगल सेन, कुलदीप मेहरा और प्रदीप मेहरा ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान, ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया, एमसी मोनिका नरवाल, अनुज छाबड़ा, प्रशांत शर्मा, पायल मलिक, सौरभ सचदेवा, बलराज बामनिया और सुरेश प्रधान सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। दूसरा कार्यक्रम सेक्टर-15 स्थित मकान नंबर 1495 में आयोजित कार्यक्रम में राकेश मदान और पार्थद मदान ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया, ग्रामीण जिला अध्यक्ष कमल दिवान और पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार मौजूद रहे। इनके साथ शौर्य वीर काद्यान और रणदीप दहिया ने भी कार्यक्रम में प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में आए नेताओं ने कांग्रेस की नीतियों और संगठन की मजबूती पर प्रकाश डाला। शहरी



सोनीपत। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान का स्वागत करते हुए।

जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने दोनों कार्यक्रमों में शामिल परिवारों का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी सदस्य संगठन में नई ऊर्जा का संचार करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनभावनाओं के अनुरूप काम करने वाली पार्टी है। कांग्रेस परिवार लगातार मजबूत हो रहा है। विचारधारा और नीति आधारित राजनीति ही भविष्य का रास्ता तय करेगी और कांग्रेस इसी राह पर आगे बढ़ रही है। पार्टी से लगातार जुड़ रहे युवा और सम्मानित परिवार इस बात का प्रमाण हैं कि कांग्रेस के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है।



गन्नौर। भीगान गांव में जाम के कारण लगी वाहनों की कतारें।

### भीगान गांव की मुख्य फिरनी हुई संकरी, बनी रहती जाम की स्थिति

**गन्नौर।** भीगान गांव की मुख्य फिरनी इन दिनों अवैध तरीके से रखे गए भवन निर्माण सामग्री के कारण संकरी हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ व्यक्तियों ने फिरनी पर ईंट, रेत और अन्य निर्माण सामग्री डालकर रास्ते को संकरा कर दिया है, जिसके चलते सड़क की चौड़ाई कम हो गई है। इस वजह से बड़े वाहनों के गुजरने में परेशानी होती है और आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। यह फिरनी राजपुर से होते हुए जीटी रोड को जोड़ती है। यहां से काफी वाहनों की आवाजाही रहती है। स्कूल समय और दफ्तर आने-जाने के दौरान यातायात पूरी तरह अव्यवस्थित नजर आता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित लोगों से सामग्री हटाने की अपील की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध रूप से रखी गई निर्माण सामग्री को तुरंत हटवाया जाए ताकि यातायात सुचारू हो सके और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

## गोशाला में 2.51 लाख रुपये देने की घोषणा

- भीषण आगजनी की घटना को लेकर लिया फैसला
- 300 एकड़ पराली तथा तूड़ा जलकर हुई राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

गन्नौर के गांव शाहपुर तगा स्थित 108 मोहनदास गोशाला में सोमवार को हुई भीषण आगजनी की घटना से गोशाला को भारी नुकसान हुआ। आग लगने से गोशाला परिसर में संग्रहित लगभग 300 एकड़ पराली तथा बड़ी मात्रा में तूड़ा पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना से गोशाला प्रबंधन व स्थानीय ग्रामीणों में गहरा दुख और चिंता का माहौल बना हुआ है। इस आगजनी घटना की सूचना मिलते ही युवा भाजपा नेता एवं हरियाणा त्यागी समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत राई शनिवार को गौशाला में पहुंचे और संपूर्ण स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों व गोशाला प्रबंधन से विस्तृत जानकारी लेते हुए नुकसान का निरीक्षण किया। गोशाला में हुए भारी नुकसान को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष पुनीत राई ने अपने निजी कोष से 2,51,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि गोशाला के पुनर्निर्माण और व्यवस्था को सुचारू करने के लिए हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। पुनीत राई ने कहा कि गोशालाएं हमारी संस्कृति और गोसेवा का प्रतीक हैं, ऐसे में इस प्रकार की आपदा में समाज के हर वर्ग को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से भी आग्रह किया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए जाएं। स्थानीय ग्रामीणों और गोशाला प्रबंधन ने उनकी इस तत्परता व आर्थिक सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।



राई। युवा भाजपा नेता एवं हरियाणा त्यागी समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत गोशाला को चेक देते हुए ।

### केएमपी पर पिपली टोल प्लाजा के पास अवैध कट, पुलिस ने मामला किया दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे के पिपली टोल प्लाजा के पास अवैध कट बनाए जाने पर इसकी देखरेख करने वाले विभाग एचएसआईआईडीसी की तरफ से कार्रवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। केएमपी एक्सप्रेसवे के प्रबंधक प्रवीन बेनीवाल की ओर से खरखौदा थाने में शिकायत दी गई। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है कि पिपली टोल प्लाजा के पास कुछ अज्ञात लोगों ने निजी इस्तेमाल के लिए एक्सप्रेसवे पर बिना अनुमति कट बना दिए, जो एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे नियमों का सीधा उल्लंघन है। यह अवैध पहुंच न सिर्फ सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनती है, बल्कि हाई-स्पीड ट्रैफिक में रुकावट पैदा करती है और सरकारी इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान भी पहुंचाती है। साथ ही यह दखलंदाजी सैंड एक्ट और हाईवे एक्सेस कंट्रोल नियमों की अवमानना है, जिसमें बिना इजाजत हाईवे को नुकसान पहुंचाना, संरचना बदलना या पहुंच खोलना दंडनीय अपराध है।



गोहाना। एथलीट मीट में अपनी खेल प्रतिभा दिखाते हुए दून स्कूल के विद्यार्थी।

### वार्षिक एथलीट मीट : प्रकृति व ईशान को एथलीट ऑफ द डे खिताब मिला

**गोहाना।** पानीपत–गोहाना मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिक एथलीट मीटः 2025 में विद्यार्थियों ने 400 मीटर, 200 मीटर, 100 मीटर और रिले दौड़ के साथ हर्डल दौड़, थ्री-कोन दौड़ व पिग दौड़ प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित की। खेलों का शुभारंभ स्कूल परिसर में मशाल प्रज्ज्वलित करके ऊर्जा, उमंग और खेल भावना के संदेश के साथ किया गया। एथलीट मीट में कक्षा पहली से कक्षा 9वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। इसमें प्रकृति और ईशान को एथलीट ऑफ द डे घोषित किया गया। इन खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। मार्गदर्शन स्कूल के चेयरमैन राजेश कुमार का रहा। अध्यक्षता प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने की। प्राचार्या ने अपने वक्तव्य में कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को प्रोत्साहित करते हैं।

### लखीराम स्कूल में श्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में यश व यशिका हुए पुरस्कृत

**खरखौदा।** लखीराम मैमोरियल सेकेंडरी स्कूल हलालपुर की 22 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। जो मेजबान स्कूल के मैदान पर ही हुई। रिटायर्ड एयर फोर्स फ्लाइंग ऑफिसर चौधरी भूप सिंह और रिटायर्ड नेवी कमांडेंट ऑफिसर सतीश कुमार दहिया मुख्य अतिथि रहे। विद्यालय के अलग-अलग सदनों के छात्रों ने 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर 800 मीटर 1200 मीटर दौड़, रिले दौड़ और बास्केटबाल व वालीबाल जैसी खेल स्पर्धाओं में भाग लिया। प्रधानाचार्य संजय कुमार व मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य के अनुसार उच्च श्रेणी से यश पुत्र संदीप, यशिका पुत्री राकेश माध्यमिक श्रेणी से दीक्षा पुत्री संदीप, इशिका पुत्री जयकंवार, प्रिंस पुत्र प्रवेश प्राथमिक श्रेणी से भव्या पुत्री सितेंद्र मानिक पुत्र नवीन ने खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए खेलों के प्रति और अधिक जागरूक होने की बात कही। इसके साथ ही सभी को अपना शुभ आशीर्वाद भी दिया। अंत में उन्होंने अभिभावकों को उनकी उपस्थिति और छात्रों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी।



खरखौदा। विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए प्रधानाचार्य संजय दहिया



गोहाना। रैली की तैयारियों को विचारविमर्श करते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

### रैली के पांडाल में जूते-चप्पल उतार कर जाएंगे कार्यकर्ता, पीएम 25 को रैली को करेंगे संबोधित

**गोहाना।** भाजपा गोहाना जिला कार्यालय पर गोहाना मंडल कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र मुदगिल ने की। संयोजन मंडल महामंत्री डॉ. विजेन्द्र खींची का रहा। बैठक में 25 नवंबर को गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाली उस रैली की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी सौंपी गई जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। संयोजक डॉ. रमेश कश्यप के अनुसार बैठक में रैली को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली द्वारा जारी किए गए निर्देशों बारे कार्यकर्ताओं को अवगत करवाया गया। उनके अनुसार रैली में जो कार्यकर्ता जाएंगे वे पांडाल में प्रवेश करने से पहले जूते-चप्पल बाहर उतारकर जाएंगे व सिर पर कपड़ा रखना होगा। इस अवसर पर डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, मुकेश रोहिल्ला, बलवंत नागपाल, पवन सैनी, विजय निनाणिया, खुशी राम नरूला, राजेन्द्र सैनी, सुनील सैन, सतीश सैनी, मेहर सिंह, डॉ. मनोज कुमार, सतीश उरलाना, सज्जन कौर, विनोद कुमार, प्रसन्नी मलिक व विजय मेहरा उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**राहत** पत्राचार हुआ शुरू, जुआं और आसपास के क्षेत्र के लोगों को होगा फायदा

# जुआं सीएचसी में शुरू होगी फर्स्ट रेफरल यूनिट

### छोटे ऑपरेशन, हादसों में घायल मरीजों को तुरंत मिल सकेगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बेहतर चिकित्सा सुविधा के प्रयास में जिला स्वास्थ्य विभाग जुआं सीएचसी में फर्स्ट रेफरल यूनिट शुरू करने जा रहा है। जुआं और आसपास के क्षेत्र के लोगों को इस यूनिट से काफी फायदा होगा। इसके लिए विभागीय स्तर पर पत्राचार शुरू हुआ है। जिला स्वास्थ्य विभाग ने मुख्यालय को पत्र भेज कर यूनिट की डिमांड की है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग द्वारा उस भवन का निरीक्षण भी किया जा चुका है, जिसमें यूनिट शुरू होगी। जैसे ही मुख्यालय से मंजूर मिल जाएगी, वैसे ही सीएचसी में यूनिट शुरू हो जाएगी।

#### वर्तमान में दो चिकित्सक

बता दें कि वर्तमान में सीएचसी जुआं में दो महिला चिकित्सक है। अस्पताल में हर माह 30 से ज्यादा सामान्य डिलीवरी हो रही है। दिन के समय दोनों चिकित्सक मौजूद रहती है। रात के समय डिलीवरी केस होने पर ऑन कॉल ड्यूटी पर चिकित्सक बुलानी पड़ती है। कई बार चिकित्सक न मिलने पर जरूरी होने पर उन्हें रेफर कर दिया जाता है।

#### ये मिलेंगी सुविधाएं

एफआरयू शुरू होने के बाद आपात व सामान्य प्रसूति सेवाएं, छोटे ऑपरेशन, हादसे में घायल मरीजों का तुरंत इलाज जैसी सुविधाएं मिल पाएंगी। स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों को राहत देने के लिए सीएचसी को एफआरयू बनाने का निर्णय लिया है। यहां कम संख्या में मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किया जाएगा। सीएचसी को एफआरयू में तब्दील करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से सरकार को डिमांड भेजी है। रोहतक पीजीआई या खानपुर कलां मेडिकल कॉलेज में रेफर किए जाने वाले मरीजों को यहीं से रेफर किया जा सकेगा, उन्हें जिला अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। एफआरयू यानी फर्स्ट रेफरल यूनिट। इसमें सीएचसी में वह सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। इसमें 24 घंटे आपात सेवाएं उपलब्ध होती हैं।

#### पिछले साल कम किया था लोड

स्वास्थ्य मंत्रालय के भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक के मुताबिक सीएचसी के अंतर्गत सवा लाख आबादी होनी जरूरी है। अक्तूबर 2024 में सीएचसी जुआं के अंतर्गत 2,39,849 लाख आबादी थी। इसके चलते काम का लोड ज्यादा बढ़ रहा था। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इसके लिए तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ. जयकिशोर ने आबादी के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव किया था। अब सीएचसी जुआं के अंतर्गत 1,49,230 आबादी रह गई।



### बरगद, नीम, अर्जुन व सरस के 20 पौधे रोपे

**गोहाना।** समाज कल्याण संगठन ने रविवार को पानीपत मार्ग के साथ फुटपाथ की खाली जगह में बरगद, पीपल, नीम, अर्जुन और पापड़ी के 20 पौधे रोपे। पौधों को पशु न चरें इसके लिए उनको ट्री गार्डों में संरक्षित किया गया। संगठन के सदस्यों ने पुराने पौधों की निराई-गुड़ाई करके टैंकर की सहायता से सिंचाई भी की। पौधरोपण की अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष आनंद जांगड़ा ने की। संगठन द्वारा गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के लिए गोद ले रखा है। इसके लिए संगठन द्वारा पिछले करीब डेढ़ दशक से शहर में सड़कों के किनारे फुटपाथ की खाली जगह और सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण किया जाता है।